ISTITVTO SVPERIORE DI SANITÀ

स्वास्थ्य मंत्रालय के तकनीकी और वित्तीय सहयोग

से कार्यान्वित परियोजना – CCM

हम ब्रोशरों के अरबी, चीनी, फ्रेंच, हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में अनुवाद के लिए ASL रोमा 1 के SAMIFO सेंटर को धन्यवाद देना चाहते हैं। रोमानियाई अनुवाद के लिए ARCI रोमा को धन्यवाद।

# गर्भावस्था की स्वैच्छिक समापन

## इटली में विदेशी महिलाओं के लिए

यह पुस्तिका आपको यह जानने में मदद करने के लिए तैयार की गई है कि यदि आप इटली में गर्भावस्था को समाप्त करना चाहते हैं तो आपको क्या करना चाहिए।इसे पढ़कर आप उपलब्ध प्रक्रियाओं और संपर्क करने योग्य सेवाओं के बारे में जान सकेंगे।

**यदि आप गर्भवती हैं और गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती हैं, तो आप सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा से संपर्क कर सकती हैं।** केवल आप ही अपनी स्थिति जान सकती हैं और स्वैच्छिक गर्भपात (IVG) का अनुरोध कर सकती हैं। **आप बिना किसी चिकित्सकीय पर्ची के भी परिवार परामर्श केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।**

यहां आपको क्षेत्र और प्रांत के अनुसार इटली के सभी परिवार परामर्श केंद्रों की सूची मिलेगी: https://www.salute.gov.it/portale/donna/consultoriDonna.jsp?lingua=italiano&id=4524

**परिवार परामर्श केंद्र की सेवाएं मुफ्त हैं**, भले ही आपके पास निवास परमिट या राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार न हो।अगर आपके पास स्वास्थ्य देखभाल नहीं है, तो परिवार परामर्श केंद्र ऑपरेटरस आपको बताएंगे कि इसे कैसे प्राप्त किया जाए। यदि आप इतालवी नहीं बोलते हैं, तो क्लिनिक टेलीफोन या व्यक्तिगत मध्यस्थता/अनुवाद सेवा सक्रिय कर सकता है।

**गोपनीयता के नैतिक सिद्धांत** के अनुसार, सभी स्वास्थ्य पेशेवर आपके द्वारा साझा की गई जानकारी किसी को नहीं बता सकते।

## IVG प्रक्रिया के चरण

**इटली में IVG के लिए कानूनी समय सीमा तीसरा महीना है,** अर्थात, यानि अंतिम मासिक धर्म के पहले दिन से 12 सप्ताह और 6 दिन या 90 दिन। **90वें दिन के बाद गर्भपात केवल विशेष परिस्थितियों में ही संभव है,** जैसे भ्रूण की विकृतियां या गंभीर विकृतियां या ऐसी स्थितियां जो महिला के स्वास्थ्य या जीवन को गंभीर खतरे में डालती हैं।

## 90 दिनों के भीतर गर्भावस्था की समाप्ति

### चरण 1। IVG के लिए दस्तावेज़ जारी करना

अगर आप गर्भावस्था को समाप्त करना चाहती हैं, आप किसी परिवार परामर्श केंद्र या अपने पारिवारिक डॉक्टर या किसी अन्य विश्वसनीय चिकित्सक के पास जा सकते हैं। डॉक्टर आपके अनुरोध को स्वीकार करेंगे, आपको आपके अधिकारों और गर्भपात (IVG) के संभावित विकल्पों के बारे में बताएंगे। साक्षात्कार के अंत में, वह आपके अनुरोध को प्रमाणित करने वाला एक दस्तावेज़ तैयार करेगा, जिस पर आपको हस्ताक्षर करने होंगे। यदि डॉक्टर को कोई आपातकालीन स्थिति नहीं दिखती है, तो आपको गर्भपात प्रक्रिया तक पहुंचने से पहले 7 दिन (सोचने का समय) तक इंतजार करना होगा। यदि डॉक्टर को लगता है कि ऐसी स्थितियाँ हैं जिनके कारण सर्जरी अत्यावश्यक है, **तात्कालिकता प्रमाणपत्र** जारी किया जाएगा जिसके साथ आप अस्पतालों या संबद्ध सुविधाओं में जा सकते हैं और आप 7 दिन इंतजार किए बिना गर्भावस्था को समाप्त कर सकेंगी।

**यदि आप नाबालिग हैं, तो आपके माता-पिता/अभिभावकों की सहमति आवश्यक है** और वे आपके साथ IVG दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करेंगे। यदि आपके माता-पिता अनुमति देने से इनकार कर देते हैं, या आपको लगता है कि आप उन्हें इसमें शामिल नहीं कर सकते, तो परामर्श केंद्र का कर्मचारी अनुमति अनुरोध को बाल न्यायालय को भेज देगा, जिसे 5 दिनों के भीतर जवाब देना होगा।

- IVG के लिए दस्तावेज़ जारी करने के लिए आपके पति/साथी की सहमति की आवश्यकता नहीं है।
- आपत्ति जताने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ता दस्तावेज/प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार नहीं कर सकते।
- IVG के लिए दस्तावेज़ जारी करने के लिए अल्ट्रासाउंड स्कैन करना आवश्यक नहीं है।

### चरण 2। प्रक्रिया की बुकिंग

आप IVG को सीधे उन अस्पताल सेवाओं या क्लीनिकों में बुक कर सकते हैं जो शल्य चिकित्सा और/या औषधीय प्रक्रिया करते हैं। कुछ क्लीनिक प्रक्रिया को, चाहे औषधीय हो या शल्य चिकित्सा, सीधे विशेष अस्पताल में बुक कर सकते हैं। यदि क्लिनिक सीधे बुकिंग नहीं ले सकता है, तो भी उसे आपको IVG सेवा प्रदान करने वाले क्लिनिकों की सूची देनी होगी, जिनसे आप सीधे संपर्क कर सकते हैं। कुछ क्षेत्रों में औषधीय प्रक्रिया अस्पताल में भर्ती हुए बिना भी क्लीनिक में की जा सकती है।

- प्रक्रिया को बुक करने के लिए, आपको IVG के लिए दस्तावेज़/प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य कार्ड और एक वैध पहचान दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा।
- इस प्रक्रिया को बुक करने के लिए आपके पारिवारिक डॉक्टर की मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन जरूरी नहीं है।

### चरण 3। पहली मुलाकात

जिस सुविधा केंद्र में गर्भपात किया जाएगा, वहां पहली मुलाकात के दौरान आमतौर पर योनि जांच के साथ योनि **अल्ट्रासोनोग्राफ़ी** किया जाएगा ताकि गर्भावस्था की तारीख का पता लगाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह गर्भाशय में है। इसके बाद डॉक्टर मेडिकल रिकॉर्ड भरेंगे और आपके स्वास्थ्य के बारे में सारी जानकारी देंगे। साक्षात्कार के अंत में, आप गर्भनिरोधक विकल्पों पर चर्चा करने के लिए पूछ सकते हैं।

- कोई भी आपको भ्रूण के हृदय की धड़कन सुनने या देखने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। यदि ऐसा होता है, तो आप घटना की रिपोर्ट कर सकते हैं। पर यदि आप अनुरोध करते हैं तो अल्ट्रासाउंड देखना आपका अधिकार है।

!

### चरण 4। प्रक्रिया का चयन

**IVG औषधीय या शल्य चिकित्सा प्रक्रिया द्वारा किया जा सकता है।** औषधीय प्रक्रिया नौवें सप्ताह के भीतर की जा सकती है, जबकि सर्जिकल प्रक्रिया 12 सप्ताह और 6 दिन तक की जा सकती है, लेकिन कई केन्द्रों के लिए सातवें सप्ताह से पहले इसे न करना ही बेहतर होता है। **यदि कोई विशिष्ट चिकित्सा दुष्प्रभाव नहीं हैं, तो आप अपने डॉक्टर के साथ मिलकर अपने लिए सर्वोत्तम प्रक्रिया का चयन करेंगे।**

1. औषधीय (या चिकित्सा) प्रक्रिया। इसमें दो दवाओं का प्रयोग किया जाता है, पहले के लगभग 48 घंटे बाद दूसरा। ये दवाइयां भ्रूण को बाहर निकाल देती हैं, जैसा कि सहज गर्भपात में होता है। पहली दवा क्लिनिक या अस्पताल में दी जाती है; दूसरी दवा क्लिनिक में या अस्पताल में 3-4 घंटे रुककर ली जा सकती है। कुछ क्षेत्रों में, आप दूसरी दवा घर पर भी ले सकते हैं। आपको दो सप्ताह के बाद जांच करानी होगी ताकि पता चल सके कि आपका गर्भपात हुआ है या नहीं।

   अपने क्षेत्र में चिकित्सीय गर्भपात के तौर-तरीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए क्लिनिक के कर्मचारियों से पूछें या जिस क्षेत्र में आप रहते हैं उस क्षेत्र की वेबसाइट पर जाएं।

- यदि जरूरी हो तो स्वास्थ्य कर्मियों को दर्द निवारक दवाएं देनी चाहिए, लिखनी चाहिए, जिन्हें आप दर्द होने पर ले सकते हैं।

!

2. शल्य/सर्जरी प्रक्रिया। इस ऑपरेशन के दौरान गर्भाशय ग्रीवा को फैलाया जाता है और गर्भावस्था को चूसा जाता है। सर्जरी से पहले रक्त परीक्षण और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जरूरत हो सकती है। सर्जरी उसी दिन की जाती है, और आमतौर पर सर्जरी के लगभग दो घंटों बाद घर जाना संभव होता है। सर्जरी समाप्त होने के बाद, गर्भनिरोधक के लिए तुरंत ही IUD या चमड़े के नीचे गर्भनिरोधक इम्प्लांट डाला जा सकता है।

## 90 दिनों के बाद गर्भावस्था की समाप्ति

गर्भावस्था के 90वें दिन के बाद, अर्थात् 13वें सप्ताह से, गर्भपात की अनुमति केवल तभी दी जाती है जब आपका स्वास्थ्य या जीवन गंभीर खतरे में हो, या भ्रूण में विसंगतियाँ या विकृति पाई गई हो, जिसका आपके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

यदि आपने भ्रूण संबंधी विकृतियों के जन्मपूर्व निदान के लिए जांच कराई है या अल्ट्रासाउंड जांच में भ्रूण में विकृति का पता चला है, तो जांच करने वाला केंद्र आपको निर्देश देगा कि IVG के लिए किन सुविधाओं से संपर्क करना है।यदि वे आपको यह जानकारी नहीं देते हैं, तो आप परिवार परामर्श केंद्र से संपर्क कर सकते हैं जो आपको सभी आवश्यक जानकारी देगा।

**दूसरी तिमाही का गर्भपात 14वें-16वें सप्ताह के भीतर शल्य प्रक्रिया द्वारा या औषधीय प्रक्रिया द्वारा किया जा सकता है।** जिस केंद्र पर यह प्रक्रिया की जाएगी, वहां का डॉक्टर आगे के परीक्षण कराने का निर्णय ले सकता है।

यहां आपको गर्भनिरोधक, स्वास्थ्य सेवाओं और आपके अधिकारों के बारे में कई भाषाओं में अधिक जानकारी मिलेगी:
https://www.epicentro.iss.it/ivg/progetto-ccm-2022-divulgazione

Gruppo Salute Donne SIMM

Istituto Superiore di Sanità